Public education
Discover a world of opportunities

किंडरगार्टन

विज्ञान: घर पर सीखना

खुले मैदान में विज्ञान

समुद्री तट पर खेल

- जब आप समुद्री तट पर हों तो अपनी संतान को अपने इन्द्रियबोध का प्रयोग करने दें। उन्हें समुद्र की हवा को सूघंने दें, समुद्र की लहरों को देखने दें, अपने पैरों के नीचे की मिट्टी को महसूस करने दें और समुद्र के पानी का स्वाद लेने दें।
- अपनी संतान को जहाँ समुद्र की लहर आकर समाप्त हो रही हो वहाँ खड़े होने दें और उनके पैरों को लहरों से टकराने दें। उन्हें यह वर्णन करने के लिए कहें कि यह कैसा महसूस होता है।
- समुद्र की लहर जहाँ आकर समाप्त हो रही हो, वहाँ गड्ढा खोदें और यह देखें कि इसे पानी से भरने में कितना समय लगता है। अपनी संतान को गड्ढे में खड़ा होने दें और आपको यह बताने दें कि क्या हो रहा है।
- बहकर आई लकड़ी, समुद्री शैवाल और शैल इकट्ठी करें और मिट्टी में डिज़ाइन और आकृतियाँ बनाएँ। अपनी संतान से इन वस्तुओं की संरचनाओं का वर्णन करने के लिए कहें, उदाहरणत: *ऊबड़खाबड, कोमल, ठंडी, चिपचिपी* और *नुकीली*। अपनी संतान से इस बारे में कहानी बनाने के लिए कहें कि ये वस्तुएँ कहाँ से आई हैं।

वर्षा में खेल

- अलग-अलग सतह पर वर्षा का गिरना सुनें और अपनी संतान को अलग-अलग ध्वनियों का वर्णन करने के लिए कहें।
- वर्षा में अपनी संतान के साथ खड़े होएँ। वर्षा को अपने चेहरों पर गिरने दें। अपनी जीभ बाहर निकालें और वर्षा की बूँदों को पकड़ें। निम्न प्रकार के सवाल पूछें: *वर्षा कैसी लगती है? और इसका स्वाद कैसा है?*
- वर्षा के बादलों को देखें और अपनी संतान से इनका वर्णन करने के लिए कहें।
- वर्षा को कीचड़ के पानी में गिरते हुए देखें। अपनी संतान को उसकी उंगलियों से तरंगें बनाने दें। यह देखें कि क्या वे उनमें अपना प्रतिबिंब देख सकते हैं। कीचड़ में कूदें!

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी
education.wa.edu.au
पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015